आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail Ph 0141-2706550

क्रमांकः–एफ–7(4)ज्ञानसुधा/अकाद/आकॉशि/2021/127-28 दिनांक :– 8.4.2021

समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान ।

विषयः–ज्ञान सुधा चैनल से सम्बन्धित कार्यवाही को सम्पादित करने हेतु दिशा–निर्देश।

आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय में नियुक्त ज्ञानसुधा प्रभारी अधिकारी के माध्यम से चैनल के व्याख्यानों को, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले अध्ययनरत् विद्यार्थी एवं राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में अध्ययनरत् छात्रों तक पहुँचाने और उन्हें लाभान्वित करने हेतु निम्न दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें :–

1 महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर इस चैनल की समस्त जानकारी को चस्पा कर विद्यार्थियों के लिये दर्शाया जाये । महाविद्यालय परिसर में जहां कहीं भी सम्भावना हो, वहाँ पोस्टर/बैनर/फ्लेक्स के माध्यम से इस चैनल की जानकारी विद्यार्थियों को उपलब्ध करायेगें। इस हेतु सोशल प्लैटफॉर्म का भी उपयोग किया जा सकता है । इन सभी गतिविधियों से सम्बन्धित फोटो प्राचार्य के Whatsapp Group पर प्रेषित करें ।

2 प्रभारी अधिकारी के माध्यम से प्रत्येक कक्षा में एक विद्यार्थी या 4–5 विद्यार्थियों के एक समूह को यह दायित्व प्रदान किया जाये कि वह अपनी कक्षा के सभी सहपाठियों को इस चैनल की सम्पूर्ण जानकारी से अवगत कराते हुये इस चैनल से जुड़ने हेतु प्रेरित करेंगे। इस प्रकार प्रत्येक विद्यार्थी को इस चैनल से जोड़ा जाना सुनिश्चित करें ।

3 प्रत्येक सप्ताह अपने महाविद्यालय में इस चैनल से जुडे विद्यार्थियों की संख्या को विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई Spread Sheet **Gyan Sudha Channel** पर भरना सुनिश्चित करें ।

4 विभाग द्वारा सूचना मांगे जाने पर प्रभारी के माध्यम से अपना फीड बैक उपलब्ध करायें ।

5 इस सम्बन्ध में किसी प्रकार के मार्गदर्शन हेतु आप संयुक्त निदेशक (अकादमिक) एवं नोडल प्रभारी (आईटी) से सम्पर्क कर सकते हैं।

6 ज्ञानसुधा चैनल विभाग के **Admission App** एवं hte.rajasthan.gov.in/dept/dce पर उपलब्ध है ।

7 महाविद्यालय में ज्ञान सुधा चैनल से सम्बन्धित कराई गई समस्त गतिविधियों की न्यूज पेपर कवरेज को आयुक्तालय से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ साझा किया जाये ।

8/4/21

संदेश नायक, IAS
आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, जयपुर।

क्रमांकः–एफ–7(4)ज्ञानसुधा/अकाद/आकॉशि/2021/
दिनांक :–

प्रतिलिपि – वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को अपलोड करने बाबत् प्रेषित है ।

8/4/21

डॉ0 सौमित्र नाथ झा
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)
कॉलेज शिक्षा, जयपुर।